हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 25 अप्रैल 2026


तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री


14 शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक, श्रमिकों के साथ खड़ी ...

13 पूर्व कलेक्टर राजेश सिंह पहुंचे बालोद, नगरवासियों...





## कार्रवाई : आईटीआई बटेरा में प्रशिक्षण के नाम पर छात्र से करवाई थी मजदूरी

# आईटीआई का प्राचार्य निलंबित, हादसे में छात्र की कट गई थी उंगलियां





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ब्लॉक स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) बटेरा में प्रशिक्षण के नाम पर छात्र से मजदूरी करवाने के दौरान हुए गंभीर हादसे के बाद शुक्रवार को छात्रों और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। घटना में फिटर ट्रेड के छात्र टोकेश्वर घनगुन की दोनों हाथों की कुल 5 उंगलियां कट गईं, जिससे पूरे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त हो गया।

■ एबीवीपी ने सड़क पर उतरकर जताया आक्रोश, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

घटना के विरोध में एबीवीपी कार्यकर्ता और आईटीआई के छात्रों ने रैली निकालते हुए नारेबाजी करते हुए बालोद-डौंडीलोहारा मुख्य मार्ग पर पहुंच गए और कुछ देर के लिए सड़क पर बैठकर धरना प्रदर्शन किया। इससे मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात कुछ समय के लिए बाधित रहा। सूचना मिलते ही एसडीएम, तहसीलदार, थाना प्रभारी सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाइश देकर मार्ग के एक ओर ले गए, जिसके बाद आवागमन पुनः शुरू हो सका।



एबीवीपी के जिला संयोजक दीपेश साहू और प्रांत सह संयोजक मनीषा राणा ने बताया कि 26 अप्रैल को फिटर ट्रेड के छात्र टोकेश्वर घनगुन से प्रशिक्षण के नाम पर मिस्त्री मजदूरी और ईंट ढुलाई का कार्य कराया जा रहा था। इसी दौरान ट्रॉली ठेले में हाथ दबने से दुर्घटना हुई, जिसमें छात्र के एक हाथ की 2 तथा दूसरे हाथ की 3 उंगलियां कट गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह संस्थान प्रबंधन की घोर लापरवाही और श्रम नियमों का खुला उल्लंघन है। साथ ही फिटर ट्रेड के शिक्षक के व्यवहार को भी अनुचित और अमर्यादित बताया गया।

छात्रों ने आरोप लगाया कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी संस्थान में जहरीले जीव के काटने और कक्षा में पंखा गिरने जैसी घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन प्रबंधन ने उन्हें गंभीरता से नहीं लिया। छात्रों का यह भी आरोप है कि प्रैक्टिकल और परीक्षा में कम अंक देने की धमकी देकर उनसे मजदूरी करवाई जाती थी। इतना ही नहीं, बैच वितरण के नाम पर प्रति छात्र 50 रुपये की अवैध वसूली किए जाने का भी आरोप लगाया गया है।

छात्रों के विरोध प्रदर्शन और जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप के बाद शासन ने तत्काल प्रभाव से आईटीआई बटेरा के प्राचार्य राजेश कुर्रे को निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण, नया रायपुर अटल नगर निर्धारित किया गया है। प्राचार्य के निलंबन की खबर मिलते ही छात्रों का आक्रोश कुछ शांत हुआ और धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया। एबीवीपी ने एसडीएम शिवनाथ बघेल को ज्ञापन सौंपते हुए पांच प्रमुख मांगें रखीं, जिनमें उच्च स्तरीय जांच, दोषी प्रबंधन और प्रशिक्षकों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई, पीड़ित छात्र को उचित इलाज व मुआवजा, संबंधित शिक्षक पर अनुशासनात्मक कार्रवाई तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग शामिल हैं।

### मामले की प्रारंभिक जांच शुरू

एसडीएम शिवनाथ बघेल ने बताया कि मामले की प्रारंभिक जांच कर उच्च अधिकारियों को प्रतिवेदन भेज दिया गया है और निर्देश मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



## तांदुला नदी का होगा कायाकल्प, बालोद प्रशासन और आईआईटी भिलाई के बीच एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला प्रशासन के प्रयासों से शीघ्र ही जिले की जीवन दायिनी तांदुला नदी का पुनरूद्धार के लिए शुक्रवार को जल संसाधन विभाग बालोद एवं आईआईटी भिलाई के इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन के मध्य औपचारिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। जिला प्रशासन के विशेष पहल पर शुरू किए गए यह कार्य बालोद जिले में नदी पुर्नजीवन के लिए एक वैज्ञानिक सतत एवं सामुदायिक भागीदारी आधारित मॉडल स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भिलाई में आज संपन्न एमओयू के दौरान दुर्ग संभाग के आयुक्त सत्य नारायण राठौर, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता पीयूष देवांगन सहित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भिलाई के अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा के दिशा-निर्देशन में बालोद जिला प्रशासन द्वारा शुरू किए गए इस पहल से जिले की जीवन दायिनी तांदुला नदी का शीघ्र ही कायाकल्प होने के साथ यह नदी धरती माता आम जनता की सेवा में अपनी स्वरूप में प्रस्तुत होने वाली है।

■ बनेगा नदी पुनर्जीवन का वैज्ञानिक मॉडल

संभाग आयुक्त सत्य नारायण राठौर ने बालोद जिला प्रशासन की पहल को अत्यंत महत्वपूर्ण एवं समयोचित प्रयास बताया। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि इस परियोजना की सफलता न केवल बालोद जिले के लिए बल्कि भविष्य में समूचे छत्तीसगढ़ राज्य में नदी पुर्नजीवन से संबंधित अनेक परियोजनाओं के लिए मार्ग प्रशस्त करेगी। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने इस परियोजना के व्यापक उद्देश्यों के संबंध में एक स्पष्ट दृष्टि प्रस्तुत की। उन्होंने वर्तमान में तांदुला नदी के समक्ष सेलेटेशन, प्रदूषण, जल प्रवाह में मौसमी अस्थिरता एवं पारिस्थितिक क्षरण जैसे मौजूद चुनौतियों के संबंध में प्रकाश डाला। इसके अलावा उन्होंने बालोद जिला प्रशासन की ओर से तांदुला जलाशय से हीरापुर एनीकट तक 03 किमी. के क्षेत्र तक के क्षेत्र को भविष्य में संतुलित स्वच्छ एवं पर्यावरणीय रूप से सुदृढ़ नदी तंत्र के रूप में विकसित करने की योजना के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर आईआईटी भिलाई की टीम के द्वारा इस बहुद्देश्यी परियोजना के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण भी दिया गया। जिसके अंतर्गत ▶▶| शेष पेज 12 पर

### खबर संक्षेप

#### विशेष ग्रामसभा में दी गई योजनाओं की जानकारी



**अण्डा।** पंचायती राज दिवस पर ग्राम पंचायत सिरसिदा में 24 अप्रैल को विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। बैठक में ग्रामवासियों को पंचायती राज व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी गई तथा शासन की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया गया। इस अवसर पर सरपंच सरस्वती चंद्राकर, उपसरपंच दामिनी चंद्राकर, सचिव मोतीलाल साहू, रोजगार सहायक रंगीता देवांगन, डाटा एंट्री ऑपरेटर अंबालिका, पंचायत सहायक हरीश विश्वकर्मा एवं सरपंच प्रतिनिधि व ग्रामीण अध्यक्ष इंद्रजीत चंद्राकर सहित पंचगण और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों ने शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और गांव के विकास के लिए सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान पंचायत स्तर पर विकास कार्यों को गति देने और जनभागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।

#### चेतना अभियान में जल संरक्षण का संकल्प

**बालोद।** जिले के गुरूर विकासखण्ड में नीर चेतना अभियान 2026 अंतर्गत जल संरक्षण, जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने भारत का नक्शा एवं जेएसजेबी 2.0 का मानव श्रृंखला बनाकर जल बचाओ, जीवन बचाओ का संदेश दिया। कार्यक्रम में कुल 475 लोग शामिल हुए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने ग्रामीणों को अपने घरों में सोकपीट और रैन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण कराने को कहा। जिससे वर्षा जल का संचय कर भूजल स्तर में वृद्धि की जा सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## लापरवाह बाइक चालक ने दंपति को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद


कार्यक्रम में सम्मिलित होकर बाइक से घर आ रहे दंपत्ति को दूसरे मोटर सायकिल सवार ने ठोकर मार दी। इसके बाद पीड़ित युवक ने मोटर सायकिल चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है।

जिसमें पुलिस ने धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम सिंगापुर थाना सुरेगांव निवासी बुधराम ने पुलिस को बताया कि मैं अपने मोटर सायकिल सीजी 24 पी 2479 में अपने पत्नी दानेश्वरी ठाकुर के साथ वापस घर आ रहा था, शाम ग्राम कापसी मेन रोड़ के पास पहुंचा था कि सामने तरफ से आ रहे मोटर सायकिल सीजी 24 डब्लू 1712 का चालक ने अपने टीवीएस वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते मुझे एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मैं व मेरी पत्नी एवं लड़की मोटर सायकिल से गिर गये। एक्सीडेंट करने से मेरे दाहिने पैर के घुटना एवं दाहिने पैर के पंजा, दाहिने हाथ की उंगली, बांये कंधा बायें गाल तरफ चोंट आयी व मेरी पत्नी दानेश्वरी बायें पैर के घुटना, बायें हाथ के पंजा, बाये हाथ की कोहनी व ओंट के पास एवं मेरी लड़की चंचल के दाहिने पैर के पंजा दाहिने पैर के घुटना नीचे व घुटना बायें कमर, ठुड्डी के पास चोंट आयी है। घटना के बाद मुझे ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ पति-पत्नी और मासूम बच्ची घायल, पुलिस ने दर्ज किया मामला

## कोटेरा में मिला अंग्रेजों के जमाने का ऐतिहासिक खजाना





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ज्ञान भारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण के अंतर्गत विकासखंड डौंडीलोहारा के ग्राम कोटेरा में सर्वेक्षण के दौरान महत्वपूर्ण ऐतिहासिक दस्तावेजों की खोज हुई है। ग्राम निवासी भानुदेव दास साहू के पास से ऐसे दुर्लभ दस्तावेज प्राप्त हुए हैं, जिनमें छत्तीसगढ़ी नाचा के जनक और भीष्म पितामह माने जाने वाले दाऊ दुलारसिंह मंदराजी के हस्ताक्षर भी शामिल हैं। यह दस्तावेज वर्ष 1930-35 के आसपास के बताए जा रहे हैं।

■ पांडुलिपि सर्वेक्षण में 1930 के दुर्लभ दस्तावेज और दाऊ मंदराजी के हस्ताक्षर

सर्वेक्षण दल के अनुसार ये दस्तावेज बांड पेपर पर देवनागरी लिपि में हस्तलिखित हैं और अंग्रेजों के शासनकाल, यानी आजादी से पूर्व के समय के हैं। प्राप्त सामग्री में एक महत्वपूर्ण इकरारनामा (समझौता पत्र) भी शामिल हैं, जिसे दाऊ मंदराजी द्वारा हस्तलिखित बताया जा रहा है और उस पर उनके हस्ताक्षर भी मौजूद हैं। इसके अलावा भानुदेव दास साहू के पास से कुछ प्राचीन सिक्के भी मिले हैं, जो अब प्रचलन में नहीं हैं। ये सिक्के तांबे और पीतल के बने हुए हैं। कुछ सिक्कों में छेद हैं और कुछ पर अंग्रेजी शासनकाल के गवर्नरों के चित्र अंकित हैं, जो उस दौर के आर्थिक और ऐतिहासिक महत्व को दर्शाते हैं।



सर्वेक्षण दल ने इन पांडुलिपियों और ऐतिहासिक सामग्रियों के संरक्षण के लिए भानुदेव दास साहू को आवश्यक सुझाव दिए, ताकि यह धरोहर सुरक्षित रह सके और आने वाली पीढ़ियों को क्षेत्र के इतिहास ▶▶| शेष पेज 12 पर







## खबर संक्षेप

### ब्लैक आउट मॉक एक्सरसाइज आज

दुर्ग। भारत सरकार गृह मंत्रालय महानिदेशालय अग्निशमन सेवा नागरिक सुरक्षा एवं गृह रक्षक नई दिल्ली के पत्रानुसार नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों, एनसीसी एवं होमगार्ड जवानों को सिविल डिफेंस, एयर रेडियो, ब्लैकआउट मॉक एक्सरसाइज हेतु मॉक अभ्यास 24 अप्रैल को शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट दुर्ग कैंपस केन्द्रीय विद्यालय के पास किया जाएगा। उक्त मॉक अभ्यास हेतु कलेक्टर दुर्ग द्वारा विभिन्न विभाग के अधिकारियों को कार्य दायित्व सौंपे गये हैं। साथ ही मॉक अभ्यास के समय शाम 05 बजे से रात्रि 08 बजे तक उपस्थिति सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया है।

### जसप्रीत सिंह को दुर्ग जिला अध्यक्ष की कमान



दुर्ग। आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ ने संगठन विस्तार की दिशा में अहम कदम उठाते हुए दुर्ग जिले में नई नियुक्ति की घोषणा की है। पार्टी ने जसप्रीत सिंह को दुर्ग जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। यह निर्णय पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री और राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक के मार्गदर्शन में लिया गया है। साथ ही दिल्ली के विधायक और छत्तीसगढ़ सह-प्रभारी मुकेश अहलावत के दिशा-निर्देश में प्रदेश स्तर पर संगठन को मजबूत करने के प्रयास तेज किए गए हैं। पार्टी नेतृत्व का कहना है कि जसप्रीत सिंह लंबे समय से जनहित के मुद्दों पर सक्रिय रहे हैं और जमीनी स्तर पर उनकी पकड़ मजबूत है। इसी सक्रियता और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।

### प्रवीण को युमो में जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी



भिलाई। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सौरभ जायसवाल ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व जिला संयोजक प्रवीण यादव को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रवीण यादव लंबे समय से छात्र और युवा राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में जिला संयोजक के रूप में उन्होंने संगठन को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ युवाओं और विद्यार्थियों के बीच प्रभावी कार्य किया है। प्रवीण यादव ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वे पूरी निष्ठा, समर्पण और मेहनत के साथ निर्वहन करेंगे।

### प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए नोडल तय

दुर्ग। देश की प्राचीन ज्ञान परंपरा को सहेजने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा संचालित ज्ञानभारतम् मिशन के तहत दुर्ग जिले में राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। अब तक जिले में किए गए 4 सर्वेक्षणों में 74 पांडुलिपियों की पहचान कर उन्हें रिकॉर्ड पोर्टल पर दर्ज किया जा चुका है। यह अभियान आगामी 15 जून तक जारी रहेगा। संकलन के लिए डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## रात 10 बजे के बाद डीजे और लाउड स्पीकर के उपयोग पर नगर निगम दुर्ग के वर्तमान और पूर्व मेयर में रार, आपसी खींचतान बढ़ी

# ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले मैरिज पैलेस और भवनों को लेकर महापौर बाघमार हुईं सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग



ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण को लेकर महापौर अल्का बाघमार ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बाराज और अन्य कार्यक्रमों के दौरान पेपर कंफेटी मशीन के उपयोग पर जुर्माना से लेकर पैलेस का लाइसेंस निरस्त करने तक की चेतावनी दी है। इसके बाद शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। इस पूरे मामले को लेकर पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कहा है कि यह सीधे तौर पर हिटलरशाही है। मैरिज पैलेज और अन्य धार्मिक आयोजन स्थलों को परेशान करने के लिए ऐसा निर्णय दुर्ग निगम ने लिया है। वैसे भी इसे लेकर कार्रवाई का अधिकार जिला प्रशासन के पास सुरक्षित है। वाहवाही बटोरने और मैरिज पैलेस को परेशान करने के लिए महापौर ने किसी के इशारे पर ऐसा निर्णय लिया है। इसका कांग्रेस हर मोर्चे पर विरोध करेगी।

**रात 10 बजे के बाद कहीं भी डीजे या तेज आवाज में लाउड स्पीकर का उपयोग नहीं:** महापौर अलका बाघमार ने स्पष्ट किया है कि निगम सीमा क्षेत्र में रात 10 बजे के बाद तेज आवाज में डीजे, लाउडस्पीकर एवं अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। महापौर ने बताया कि निगम अमला द्वारा रात 10 बजे के बाद विशेष निगरानी रखी जाएगी। यदि इस दौरान कहीं भी हाई वॉल्यूम में डीजे बजता पाया गया, तो सबसे पहले डीजे संचालक और उसके बाद संबंधित भवन, लॉन या मैरिज गार्डन संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शादियों एवं अन्य आयोजनों में तेज ध्वनि के कारण यदि ट्रैफिक जाम या आमजन को परेशानी होती है, तो संबंधित मैरिज गार्डन या बैंक्वेट हॉल के लाइसेंस निरस्त करने की भी कार्रवाई की जाएगी। महापौर अलका बाघमार ने यह भी निर्देश दिए हैं कि बारात के दौरान पेपर कंफेटी (कागज के टुकड़े) उड़ाने वाली मशीनों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। ऐसा पाए जाने पर मशीन को जब्त किया जाएगा तथा संबंधित पर जुर्माना भी लगाया जाएगा।

# ध्वनि प्रतिबंध के नाम पर मनमानी, निगम को नहीं अधिकार, कांग्रेस करेगी विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग



पूर्व महापौर और वर्तमान में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि ध्वनि प्रतिबंध के नाम पर मनमानी की तैयारी है। निगम का आदेश अधिकार क्षेत्र से बाहर का यह मामला है।उन्होंने सवाल उठाया कि क्या इस प्रकार के आदेश जारी करना नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में आता है, ध्वनि नियंत्रण से जुड़े विषय स्पष्ट रूप से प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अंतर्गत आते हैं, ऐसे में निगम द्वारा इस प्रकार का आदेश जारी करना नियमों के विपरीत एवं भ्रम की स्थिति उत्पन्न करने वाला है। धीरज बाकलीवाल ने कहा कि यह कार्रवाई पूरी तरह से द्वेषपूर्ण और एकतरफा प्रतीत होती है, जिसमें बिना किसी जनपरामर्श के सीधे सख्त प्रतिबंध थोपे जा रहे हैं। इससे आम नागरिकों, आयोजकों एवं व्यवसाय से जुड़े लोगों पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि विवाह एवं सामाजिक आयोजन हमारी संस्कृति का हिस्सा हैं। ऐसे आयोजनों में अनावश्यक सख्ती और लाइसेंस निरस्तीकरण जैसी चेतावनी देना न केवल अनुचित है, बल्कि हजारों लोगों के रोजगार पर भी असर डाल सकता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस आदेश को तत्काल वापस लिया जाए और यदि कोई नियम बनाना है तो वह जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं संबंधित विभागों से चर्चा के बाद ही बनाया जाए। धीरज बाकलीवाल ने चेतावनी दी कि यदि इस प्रकार के जनविरोधी आदेश वापस नहीं लिए गए, तो कांग्रेस पार्टी जनहित में उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। बाकलीवाल ने कहा कि निगम का यह निर्णय केवल मैरिज पैलेस को टारगेट करने के लिए लिया गया है। शहर में और भी संस्थान हैं, जहां धड़ल्ले से नियमों को ताक पर रखकर काम किया जा रहा है। कार्रवाई हो तो सब पर होनी चाहिए।

## पाइप लाइन का टेंडर होने के बाद भी भिलाई निगम ने नहीं दिया ध्यान, गर्मी में कॉलोनीवासी परेशान

# लाखों-करोड़ों रुपए खर्च कर बनाया अपना आशियाना, बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे लोग



*भिलाई नगर निगम के जोन 1 अंतर्गत वार्ड 1 खम्हरिया जुनवानी क्षेत्र में लगभग 50-60 घरों की श्री रेसीडेंसी नाम की कालोनी है। यहां लोगों ने 80 लाख से एक करोड़ रुपए तक लगाकर घर बनाया कि वो पॉश कालोनी में रह पाएंगे। उनके बच्चों को एक सिक्योर्ड माहौल मिलेगा। इस कालोनी में कई अधिकारी और बड़े बिजनेसमैन तक रह रहे हैं, लेकिन गर्मी के मौसम ने उनके अरमानो में पानी फेर दिया।*

### गार्डन के एक बोर पर पूरी कॉलोनी निर्भर

यहां के रहवासी राकेश धनकर ने बताया कि कालोनी में गार्डन में लगे एक मात्र बोर से पानी आ रहा है। उसमें हर आधे घंटे में थोड़ा पानी आर रहा है। इसलिए कालोनी के लोग एक राय होकर उस बोर से अपने उपयोग के लिए पानी भर रहे हैं और उसका स्टोर कर अपना काम चला रहे हैं।





### आसपास की कॉलोनी भी जूझ रही जल संकट से

इस कालोनी के पास चौहान ग्रीन वेली से लेकर कई बड़ी और पॉश कालोनी स्थित हैं। यहां बिल्डर ने बोर कराकर पानी देने का सपना तो दिखा दिया, लेकिन बोर के हलक सूख जाने से लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। पिछली बार भी पानी की किल्लत को लेकर यहां काफी बड़ा आंदोलन हुआ था। इसके बाद राजनीतिक हस्तक्षेप के बाद यहां टैंकर से पानी की सप्लाई की गई थी। इस अभी गर्मी को दो महीने शेष हैं। यदि पानी सप्लाई की सही व्यवस्था नहीं हुई तो फिर से यहां पानी को लेकर जन आंदलन होने के आसार बन रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

यहां के रहवासियों ने अपने घरों में बोर तो कराया है, लेकिन जमीन का वाटर लेवल कम होने से बोर सूख गए हैं। उनसे पानी ही नहीं आ रहा है। यह समस्या पिछले दो तीन सालों से लगातार हो रही है। इसको देखते हुए यहां के रहवासी राकेश धनकर ने कुछ लोगों के साथ डिप्टी सीएम अरुण साव और सीएम तक से मुलाकात की थी। उनकी समस्या को देखते हुए शासन के आदेश पर इस कालोन में पाइप लाइन बिछाने के लिए 22.3 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई। भिलाई निगम ने निवदा भी जारी की और टेंडर भी हो गया। यह काम अप्रैल 2026 तक पूरा हो जाना था, लेकिन जिस ठेकेदार को काम मिला है उसने कालोनी के बाहर तक पाइप लाइन बिछाकर काम बीच में छोड़ दिया। उसका कहना है कि निगम के अधिकारियों ने काम रोकने को कहा। ऐसे में कालोनी वासियों का कहना है वो लोग निगम का हर साल लाखों रुपए का टैक्स पटाते हैं। निगम की जम्मेदारी है कि वो हर घर तक पानी पहुंचाए, लेकिन निगम ने उनकी कालोनी का काम रोक दिया है। इससे उनके परिवार के लोग पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। कालोनीवासियों ने मांग की है कि जल्द से जल्द कालोनी के अंदर पाइप लाइन को बिछाएं, जिससे घरों तक पानी पहुंच सके।

## नियुक्त किए गए प्रभारी अधिकारी

# जेल तिराहा से मिनी माता चौक तक कब्जा हटाने की मुहिम




हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग

जेल तिराहा से मिनी माता चौक तक फोरलेन सड़क का निर्माण किया जाना है। इसके अलावा सड़क के दोनों तरफ ड्रेन का निर्माण होना है। इसे लेकर काम शुरू हो चुका है। करोड़ों रुपए के इस प्रोजेक्ट में सड़क के दोनों तरफ से अतिक्रमण भी हटाया जाना है।

गुरुवार को अतिक्रमण हटाने की शुरुआत की गई। पुलगांव चौक के आसपास से अतिक्रमण हटाया गया। इससे पहले सर्वे कर सभी अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किया गया है। साथ ही अतिक्रमण दल का गठन किया गया है। इसमें सहायक अभियंता गिरीश दीवान को प्रभारी बनाया गया है। उनकी टीम में उप अभियंता सिद्धार्थ साहू, विनोद मांझी, राजस्व उपनिरीक्षक ईश्वर वर्मा, परमेश्वर को शामिल किया गया है। गुरुवार को तोड़दस्ते ने कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान निगम के अधिकारी मौजूद थे। पुलगांव चौक के आसपास निगम ने नालियों पर पक्का निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की।

- **अतिक्रमण करने वाले 112 लोगों को थमाया नोटिस**

### लोक निर्माण विभाग ने 112 लोगों की सूची तैयार की

जानकारी के मुताबिक सड़क चौड़ीकरण का काम लोक निर्माण विभाग को करना है। विभाग की टीम ने सर्वे कर करीब 112 लोगों के अतिक्रमण को चिन्हित किया है। उन्हें नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने कहा गया है। साथ ही निगम और पुलिस को अतिक्रमण हटाने के लिए सहयोग के लिए पत्र व्यवहार किया गया है। आगामी दिनों में तारीख तय कर ऐसे सारे अतिक्रमण को तोड़ने की तैयारी है। इसे देखते हुए ही निगम ने दल का गठन किया है।

# मंडी बोर्ड उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 26 अप्रैल को, 2 घंटे पहले पहुंचना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग

### परीक्षा केन्द्र के द्वार सुबह 9.30 बजे होंगे बंद

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड के अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 का आयोजन रविवार 26 अप्रैल को किया जा रहा है। इस परीक्षा में कुल 38,937 अभ्यर्थी शामिल होंगे, जिसके लिए दुर्ग जिले में 123 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक निर्धारित है। अभ्यर्थियों की सुविधा और सुचारू संचालन के लिए नोडल अधिकारी द्वारा विशेष निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके तहत परीक्षार्थियों को परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने केंद्र का अवलोकन करने की सलाह दी गई है। परीक्षा दिवस पर अभ्यर्थियों को कम से कम 2 घंटे पूर्व पहुंचना अनिवार्य है ताकि उनके फोटो युक्त मूल पहचान पत्र का सत्यापन और सुरक्षा जांच की जा सके। विशेष रूप से ध्यान देने योग्य बात यह है कि परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार प्रातः 9.30 बजे बंद कर दिया जाएगा, जिसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा के दौरान अनुशासन और शुचिता बनाए रखने के लिए परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े और फुटवियर के रूप में चप्पल पहनकर आना होगा। गहरे रंग जैसे काले, नीले, हरे, जामुनी, मैरून और चॉकलेटी कपड़ों का उपयोग पूर्णतः वर्जित है। जो अभ्यर्थी धार्मिक या सांस्कृतिक पोशाक पहनकर आएंगे, उन्हें सामान्य समय से पहले केंद्र पर रिपोर्ट करना होगा और अतिरिक्त सुरक्षा जांच के बाद ही अनुमति दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, कान में किसी भी प्रकार के आभूषण पहनना वर्जित है। परीक्षा कक्ष में मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, बेल्ट, टोपी या स्कार्फ जैसे किसी भी उपकरण या सामग्री को ले जाना प्रतिबंधित है। अभ्यर्थियों को केवल काले या नीले बॉल पॉइंट पेन साथ लाने की अनुमति होगी।

# मालवीय नगर चौक बना ब्लैक स्पॉट, आए दिन हो रहे हादसे...



दुर्ग। शहर का प्रमुख चौक मालवीय नगर इन दिनों ब्लैक स्पॉट के रूप में पहचान बना रहा है। आए दिन इस चौक के आसपास हादसे हो रहे हैं। एक दिन पहले बुधवार को एक माल वाहक हादसे का शिकार हो गया। वह अनियंत्रित होकर चौक के करीब स्थित एनसी नाहर के घर की दीवार से टकरा गया। चालक को साधर चोटें आएं, लेकिन बड़ी संख्या में लोग जुटे। पूर्व पार्षद विजय जलकारे ने बताया कि लगातार हादसे हो रहे हैं। इसके बाद भी चौक पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती नहीं है। विगत वर्षों मैं सड़क दुर्घटनाओं के रिकॉर्ड के अनुसार शहर में सर्वाधिक दुर्घटना मालवीय नगर चौक में ही हुई है। बुधवार की सुबह करीब 5 बजे राजनंदगांव की ओर से भिलाई की ओर जा रही फलों से भरा माल वाहक सीजी 07 सीजेड 9809 के सामने भिलाई से दुर्ग रेलवे स्टेशन की ओर जा रही एक कार चौक में अचानक आ गई, जिसे बचाने के चक्कर में मिनी ट्रक चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और उसकी ट्रक एनसी नाहर के घर के बाहरी दीवार में जाकर टकराई। जलकारे ने कहा कि सिग्नल बंद रहने के समय अधिकांश हादसे होते हैं।

## जिला पंचायत दुर्ग में एनसीएफई का जागरुकता कार्यक्रम

# ऑनलाइन फ्रॉड के नाम पर होने वाली धोखाधड़ी से बचने दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग

### एफएलसीआरपी और बैंक मित्र को दी गई जानकारी



जिला पंचायत दुर्ग में सीईओ बजरंग कुमार दुबे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केंद्र एनसीएफई के अंतर्गत एफईपीए फाइनेंशियल एजुकेशन फॉर एडल्ट का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से बैंक एफएलसीआरपी के लिए आयोजित किया गया, जिसमें कुल 48 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन एसबीआई एवं एनसीएफई के प्रशिक्षक रवि आर्य द्वारा किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को वित्तीय साक्षरता, बचत एवं निवेश के मूल सिद्धांत, सरकारी योजनाओं की जानकारी तथा वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव के बारे में सरल एवं व्यावहारिक तरीके से समझाया गया। इस सत्र में विशेष रूप से चिट फंड, ऑनलाइन फ्रॉड एवं निवेश के नाम पर होने वाली ठगी से बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिससे महिलाएं अपने मेहनत की कमाई को सुरक्षित रख सकें। इस उपयोगी पहल के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबन्धक सागर पंसारी शामिल हुए। बैंक ऑफ बड़ौदा लीड बैंक से लेखराम ने भी उपस्थिति दर्ज कराई। चर्चा के दौरान बैंक मित्रों ने सवाल भी पूछे, जिनका मास्टर ट्रेनर जवाब भी दिया। सामने आने वाली समस्याओं का निराकरण भी किया। साथ ही समय रहते अलर्ट रहने की अपील भी की।

### बैंकिंग, बीमा, पेंशन से जुड़ी योजनाओं की दी जानकारी

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न बैंकिंग, बीमा एवं पेंशन से संबंधित सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई, जिससे वे अपने परिवार और समाज में वित्तीय रूप से अधिक सशक्त बन सकें। इस पहल के माध्यम से यह प्रयास किया गया कि बैंक मित्र और एफएलसीआरपी स्वयं जागरूक बनकर गांव-गांव में वित्तीय साक्षरता का संदेश फैलाएं और अन्य महिलाओं को भी सशक्त बनाएं। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता दिखाई।

## पेज 11 के शेष

### तांदुला नदी का होगा ...

निर्धारित समयावधि में इनके क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत योजना एवं प्रमुख फोकस क्षेत्रों के संबंध में जानकारी भी साझा की गई। इसके अलावा वैज्ञानिक सर्वेक्षण, जल गुणवत्ता सुधार, जैव विविधता संरक्षण, जल प्रबंधन एवं सामुदायिक सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को भी रेखांकित किया गया। उल्लेखनीय है कि इस परियोजना के अंतर्गत तांदुला जलाशय से हीरापुर एनीकट तक 03 किमी. के चयनित क्षेत्र के महत्वपूर्ण हिस्से को एक हाइड्रोलॉजिकली स्थिर एवं पारिस्थितिक रूप से समृद्ध नदी कॉरिडोर में परिवर्तित करने की योजना शामिल है।

इसमें उन्नत तकनीकी सर्वेक्षण, प्रकृति-आधारित समाधान एवं समुदाय की सक्रिय भागीदारी को समाहित किया गया है। जिससे कि आम जनता को इस योजना का दीर्घकालिक परिणाम मिल सके। बालोद जिला प्रशासन के विशेष प्रयासों से शुरू किया गया यह पहल परियोजना अंचल के सतत विकास, पर्यावरणीय पुर्नस्थापना और जनभागीदारी के माध्यम से क्षेत्रीय विकास का एक प्रेरणादायी मॉडल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इसके माध्यम से तांदुला नदी के जल को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने के साथ-साथ नदी के जल कुंभियों का समुचित उपयोग के अलावा इस पूरे क्षेत्र को पर्यटन क्षेत्र के रूप में भी विकसित करने का प्रयास किया जाएगा।

### लापरवाह बाइक ...

ईलाज हेतु सीएचसी डौण्डीलोहारा ले गये रिफर करने पर हम तीनों मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में भर्ती थे। डिस्चार्ज करने के बाद हम तीनों वापस घर आये हैं। इसके बाद रिपोर्ट लिखा रहे हैं।

### कोटेरा में मिला ...

की जानकारी मिल सके। गौरतलब है कि ग्राम कोटेरा, ब्लॉक मुख्यालय से राजनांदगांव मार्ग के पश्चिम दिशा में स्थित है, जहां प्रसिद्ध खरखरा जलाशय भी मौजूद है। सर्वेक्षण कार्य के दौरान नोडल अधिकारी ए. के. साहू (एबीईओ), सहायक नोडल विजय यादव, भागवत इंदौरिया तथा प्राथमिक शाला कोटेरा के प्रधान पाठक रवि मंडावी उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**



## कॉलेज में अव्यवस्थाओं का एनएसयूआई ने किया निरीक्षण

**डौंडीलोहारा।** शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में बुनियादी सुविधाओं की कमी को लेकर एनएसयूआई ने शुक्रवार को निरीक्षण कर कॉलेज प्रशासन को चेतावनी दी है। विधानसभा अध्यक्ष डोमेन्द्र साहसी को मिली शिकायतों के आधार पर उन्होंने अपने साथियों के साथ कॉलेज पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कॉलेज परिसर में कई खामियां सामने आईं। छात्रों ने बाथरूम की खराब स्थिति, बिजली व्यवस्था में अव्यवस्था, पंखों व ब्लैकबोर्ड की खराबी तथा पेयजल की समस्या को प्रमुख रूप से उठाया। इन समस्याओं को लेकर एनएसयूआई प्रतिनिधिमंडल ने प्राचार्य रोशन आरा से मुलाकात कर विस्तार से चर्चा की और तत्काल सुधार की मांग की। एनएसयूआई के जिला महासचिव जतीन ठाकुर सहित रूपेश राणा, नमन, सूरज तारम, करण देवांगन, गोयल, तुसार और दिशांत राजपूत भी निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे। छात्र नेताओं ने कहा कि कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को मूलभूत सुविधाओं के अभाव में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जो चिंताजनक है। एनएसयूआई टीम ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि कॉलेज प्रशासन द्वारा शीघ्र ही सभी समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया, तो संगठन द्वारा उग्र आंदोलन और धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं प्राचार्य ने समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

## सूने मकान में चोरी

**भिलाई।** अज्ञात चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़ अलमारी में रखे नकदी और जेवरात पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर नंदिनी थाना पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। नंदिनी टाउनशिप निवासी नितिन कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि विगत 19 अप्रैल की शाम करीब 4.30 बजे घर में ताला लगाकर अपने गांव महासमुंद गए थे। 22 अप्रेल रात्रि करीब 9 बजे अपने घर पहुंचे। अलमारी में रखे नगदी रकम 25000 रुपए, चांदी के 2 जोड़ी पायल आदि गायब थे।

## महिला सहित 6 आरोपी गिरफ्तार



**दुर्ग।** फरार वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सुपेला पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे 6 स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 5 पुरुष और 1 महिला आरोपी शामिल हैं। सभी को कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देश पर जिले में वारंटियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सुपेला थाना पुलिस ने लगातार निगरानी, मुखबिर सूचना और टीम समन्वय के आधार पर यह कार्रवाई की।

### लगाव : वर्षों बाद पहुंचे अपने बीच पाकर भावुक हुए लोग

# पूर्व कलेक्टर राजेश सिंह पहुंचे बालोद नगरवासियों ने किया जोशीला स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





जिले के पूर्व कलेक्टर एवं वर्तमान में क्रेडा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के संचालक राजेश सिंह राणा का बालोद आगमन रोशन नगर वासियों के लिए भावनात्मक और यादगार रहा। वर्षों बाद अपने बीच पहुंचे पूर्व कलेक्टर से मिलने के लिए भाटापारा स्थित रोशन नगर में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में आगमन के पश्चात राणा ने सीधे रोशन नगर वासियों से मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। स्वागत के दौरान लोगों की भावनाएं भी छलक उठीं, क्योंकि राणा का इस क्षेत्र से पुराना और गहरा जुड़ाव रहा है। बताया जाता है कि लगभग 15 वर्ष पूर्व जब राजेश सिंह राणा बालोद के कलेक्टर थे, तब रोशन नगर में बहुत कम परिवार निवास करते थे और क्षेत्र विकास की दृष्टि से पिछड़ा हुआ था। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने यहां बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य कराए, जिससे आज यह क्षेत्र विकसित स्वरूप में नजर आता है। उनके इन्हीं प्रयासों के कारण आज भी क्षेत्रवासी उन्हें याद करते हैं और उनसे विशेष लगाव रखते हैं।

रोशन नगर के लोगों को पूर्व में अपनी समस्याएं लेकर रायपुर जाना पड़ता था, लेकिन इस बार राणा स्वयं उनके बीच पहुंचे। इस अवसर पर पूर्व पार्षद संतोष कौशिक के नेतृत्व में वार्डवासियों ने रोशन नगर में हाई मास्क लाइट लगाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। मांग को गंभीरता से लेते हुए राणा ने तत्काल स्वीकृति प्रदान की, जिससे क्षेत्र में खुशी का माहौल बन गया।

इस दौरान कई लोग भावुक हो उठे और नम आंखों से अपने प्रिय पूर्व कलेक्टर का आभार व्यक्त किया। राणा ने भी लोगों को आश्वस्त किया कि वे आगे भी क्षेत्र से जुड़े रहेंगे और समय–समय पर मुलाकात करते रहेंगे। इस मौके पर नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा संतोष चौधरी एवं उपाध्यक्ष कमलेश सोनी ने भी राणा का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया और सौजन्य भेंट की।

इस मौके पर पार्षद गिरिजेश गुप्ता, उपाध्यक्ष भाजपा शहर मंडल महेश पाठक, संजीव मणि नायर, राधा कौशिक, किरण साहू, सुमन सोनी, सती बाई साहू, वंदना साहू, शारदा ठाकुर, गीता साहू, अनीता सोनी, प्रीति यादव, भगवती ठाकुर, तामिनी साहू, लीला साहू, माहेश्वरी बाई, नेहा सारथी, प्रियंका सारथी, इंद्राणी साहू, ग्वालिन बाई साहू, झमीन साहू, पुष्पबाई निषाद, पुरुषोत्तम छतरियां, यशवंत सोनी, जयप्रकाश सोनी, भगत राम ठाकुर, शंकर साहू, दीपचंद साहू, योगेश साहू, रमेश निषाद, घनश्याम दास मानिकपुरी, रोशन यादव, खोमदास साहू सहित बड़ी संख्या में रोशन नगरवासी उपस्थित थे।

# सर्व ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सर्व ब्राह्मण समाज की महिलाओं का मिलन समारोह एवं आवश्यक बैठक गुरुवार को स्थानीय मरारपारा स्थित दुबे निवास में आयोजित की गई। बैठक में समाज को संगठित करने, महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और सामाजिक गतिविधियों को मजबूत करने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

महिला मंडल अध्यक्ष दीप्ति शर्मा ने कहा कि संगठन केवल पद से नहीं, बल्कि सभी महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से मजबूत बनता है। उन्होंने कहा कि समाज की हर महिला स्वयं को जिम्मेदार मानते हुए कदम से कदम मिलाकर कार्य करे, तभी संगठन निरंतर आगे बढ़ेगा। श्वेता दुबे ने कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं। उन्होंने बालोद की सभी विप्र महिलाओं को जोड़ने का आह्वान करते हुए हर माह अलग–अलग घरों में बैठक आयोजित करने और समाजहित के मुद्दों पर चर्चा करने की बात कही। नीति मिश्रा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि महिलाएं एकजुट होकर पहले ब्लॉक स्तर, फिर जिला और उसके बाद पूरे प्रदेश में समाजहित के कार्यक्रम आयोजित करेंगी। खुशबू दुबे ने कहा कि आने वाले समय में ब्राह्मण समाज की मेरिट सूची में आने वाली बेटियों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही अन्य समुदायों की प्रतिभावान बच्चियों को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। बैठक में दुर्गा जोशी, दीपिका दुबे, कविता दुबे, कुसुम, मानसी शर्मा, रानी, भूपेश्वरी शर्मा, अदिति दुबे, अंशिता दुबे सहित समाज की अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं। इस आयोजन ने स्पष्ट संदेश दिया कि समाज की महिलाओं ने अब संगठन, शिक्षा और सामाजिक नेतृत्व की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प ले लिया है।

# गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने जनजागरण तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- 27 अप्रैल को सौंपा जाएगा आवेदन





नगर में गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान मां कौशल्या धाम के संचालक श्री राम बालक दास जी महात्यागी के नेतृत्व में संचालित हो रहा है। अभियान के तहत 27 अप्रैल को संबंधित अधिकारियों को आवेदन सौंपने की तैयारी की जा रही है, जिसके लिए नगरवासियों का समर्थन जुटाया जा रहा है। जनजागरण अभियान के दौरान संत राम बालक दास जी के साथ कार्यकर्ताओं द्वारा पूरे नगर में भ्रमण कर लोगों से संपर्क किया गया। घर-घर जाकर नागरिकों को अभियान की जानकारी दी गई और प्रार्थना पत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान लोगों से गो सम्मान आव्हान अभियान में सहभागी बनने का आग्रह भी किया गया। श्री राम बालक दास जी महा त्यागी ने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा में गौ माता का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने कहा कि गौ माता केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक ही नहीं, बल्कि कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आधारशिला भी है। ऐसे में उन्हें राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के लिए समाज के हर वर्ग का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि वे इस अभियान से अधिक से अधिक संख्या में जुड़ें और गौ संरक्षण एवं संवर्धन के इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। साथ ही 27 अप्रैल को आयोजित होने वाले आवेदन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित रहने का भी आह्वान किया गया। नगर भ्रमण के दौरान अभियान को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिला।

कई नागरिकों ने सक्रिय सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर स्थानीय कार्यकर्ता, समाजसेवी एवं श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महेंद्र जायसवाल, जसराज शर्मा, पावन देवांगन, सुरेश देवांगन, दिनेश लोढ़ा, संदीप लोढ़ा, प्यारेलाल निषाद, प्रकाश डोसी सहित बड़ी संख्या में गौ भक्त उपस्थित थे।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध महिलाओं के अधिकारों के साथ किया अन्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- प्रेसवार्ता में जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह ने कांग्रेस पर लगाए आरोप





नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर जारी सियासी घमासान के बीच बालोद में आयोजित प्रेस वार्ता में मानपुर मोहला चौकी जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर विपक्ष ने हमेशा राजनीतिक स्वार्थ को प्राथमिकता दी, जिससे महिलाओं को उनका अधिकार समय पर नहीं मिल सका।

प्रेस वार्ता लेने वालोद पहुंचीं नम्रता सिंह ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की आधी आबादी को नीति–निर्धारण में भागीदारी देने का ऐतिहासिक प्रयास था। उन्होंने आरोप लगाया कि जब यह अवसर आया, तब विपक्ष ने तकनीकी बहाने और राजनीति कर इसे कमजोर करने का काम किया।

नम्रता सिंह ने कहा कि विपक्षी दलों ने वर्षों तक महिला आरक्षण के नाम पर केवल दिखावा किया, लेकिन जब ठोस कदम उठाने का समय आया तो पीछे हट गए। उन्होंने कहा कि आज वही दल सरकार पर सवाल खड़े कर रहे हैं, जबकि हकीकत यह है कि महिलाओं को सबसे ज्यादा नुकसान उनकी ही नीतियों से हुआ है। उन्होंने कहा कि 1996 से लेकर 2014 तक महिला आरक्षण बार–बार टलता रहा, 2010 में राज्यसभा से पारित होने के बावजूद इसे आगे नहीं बढ़ाया गया, कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने हमेशा समर्थन लेकिन राजनीति की, नम्रता सिंह ने कहा कि यह महिलाओं के साथ अन्याय था, जिसे देश की महिलाए समझ चुकी हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है और आने वाले समय में महिलाओं की भागीदारी को और मजबूत किया जाएगा। इस दौरान महामंत्री, भाजपा जिला बालोद राकेश छोटू यादव, प्रवक्ता, भाजपा जिला बालोद जितेंद्र साहू, जिला मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया, अध्यक्ष महिला मोर्चा मोना टुवाणी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ओडारसकरी में मना पंचायतीराज दिवस, विशेष ग्राम सभा में दिलाई गई नशा मुक्ति की शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

ग्राम पंचायत ओडारसकरी में इस वर्ष भी 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव के विकास, जनभागीदारी और शासन की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी ने नशे से दूर रहकर समाज को स्वस्थ और सशक्त बनाने का संकल्प लिया। साथ ही लखपति दीदी योजना के तहत चयनित महिलाओं का सम्मान पंच बहनों द्वारा श्रीफल और गुलाल भेंट कर किया गया, जिससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला। सभा में कृषि विभाग से पहुंचे वर्मा सर ने किसानों और ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आधुनिक खेती, सरकारी सहायता और योजनाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच अनिल सोनी, सचिव होरी लाल,उपसरपंच, पंचगण, ऑपरेटर, बिहान समूह की महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पंचायत व्यवस्था को मजबूत बनाने और गांव के समग्र विकास के लिए सहयोग करने का संकल्प लिया।

### निर्माण में भ्रष्टाचार की जांच के लिए नितिन गडकरी को लिखेंगे पत्र

# एनएच-930 पर बढ़ती दुर्घटनाओं से सांसद भोजराज नाग नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा



कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग ने अंचल का दौरा कर ग्राम गुजरा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 930 सड़क दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क निर्माण की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का उपयोग नहीं करने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। सांसद भोजराज नाग ने घटना स्थल से एसडीओ राष्ट्रीय राजमार्ग 930 से मोबाइल पर जानकारी चाही तो उनके द्वारा छुट्टी में वैवाहिक कार्यक्रम होने की बात कह दी।

भोजराज नाग ने राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के सड़क निर्माण की गुणवत्ता, मूल्यांकन में किए गए भ्रष्ट्राचार की उच्चस्तरीय जांच कराने केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखने की बात कही। साथ ही आगामी दिनों में कलेक्टर के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी की बैठक लेने की जानकारी दी। साथ ही बालोद थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा को उक्त सड़क मार्ग में सुरछा के स्टॉपर सहित अन्य व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

इस दरम्यान नीलिमा श्याम जिला पंचायत सदस्य ने राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के सड़क मरम्मत कार्य में निर्माण एजेंसी व राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों द्वारा सरफेस डामर को उखाड़ने से हुए चार - पांच इंच गड्ढे में मरम्मत कार्य स्थल पर बेरिकेट्स, चेतावनी सूचना चिन्ह, चेतावनी बोर्ड सहित अन्य सुरछा की व्यवस्था ना होने से दुर्घटना की संभावना बढ़ गई है, जिसकी शिकायत एसडीओ राष्ट्रीय राजमार्ग को देने के बाद भी उनके द्वारा सड़क मरम्मत कार्य हेतु खोदे गए गढ्ढे में सुरछा के कोई संसाधन नहीं लगाया गया और बुधवार को उक्त स्थल में हुए सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत का कारण बना। सांसद को यह भी बताया की तीन - चार माह के अंदर ग्राम दानीटोला से टोल प्लाजा के बीच हुई अलग अलग दुर्घटना में 12 लोगों की मौत हो गई है।

इस दरम्यान भाजपा नेता मोरध्वज साहू, पार्वती मंडावी सरपंच ग्राम पंचायत गुजरा, हितेश साहू, अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य, संजय बैस पूर्व जनपद सदस्य, पुष्पजीत बैस सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

Satya TRUCKING PVT. LTD.
आवश्यकता है
बिजनेस एक्जीक्यूटीव
योग्यता - ग्रेजुएशन,
स्थान- रायपुर (1 पद), नारायणपुर (1 पद), डोंगरगढ़ (1 पद), दल्ली राजहरा (1पद)
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव
रिटेल फायनेंस मैनेजर
योग्यता - ग्रेजुएशन, स्थान- रायपुर (1 पद)
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव
कस्टमर केयर मैनेजर
योग्यता - ग्रेजुएशन, स्थान- रायपुर (1 पद)
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव
इलेक्ट्रीशियन+मैकेनिक
योग्यता - आईटीआई/डिप्लोमा
स्थान: रायपुर - 15 पद, राजनांदगांव-4 पद
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव
फ्रेशर भी आवेदन कर सकते हैं।
अपना अपडेटेड रेज्यूम भेजें
noman.sinha@teamsatya.in
या कॉल करें
7748900111, 9098750248
जी.ई. रोड, टाटीबंध, रायपुर (छ.ग.)

# पेयजल समस्या का निराकरण करने शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



शुद्ध पेयजल की मांग करते हुए शिवसेना बालोद द्वारा नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें भीषण गर्मी, बरसात में पेयजल आदि की समस्याओं से आम नागरिकों को राहत देने शासन प्रशासन को समय पूर्व तैयारी की बात कहते हुए बालोद शिवसेना नेता विजय पारख के नेतृत्व में शिवसेना के नेताओं ने नगरपालिका परिषद बालोद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें अधिकारी को नगरीय निकाय क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में शुद्ध स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति पर्याप्त मात्र में नहीं होना, गर्मी के इन दिनों शासकीय सप्लाई में टुल्लू पंप से पानी चोरी करने वालों के खिलाफ करवाई ना होना, पेयजल आपूर्ति निर्धारित समय में कटौती सहित नगर पालिका क्षेत्र में स्वच्छता के अभाव मच्छर आदि कीट प्रकोप से बचाव कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किए जाने की मांग पर ध्यानाकर्षण कराया गया। इस दौरान शिवसेना नेता जयप्रकाश चंद्राकर बलराम साहू, हेमंत शर्मा आदि शिवसैनिक कार्यकर्ता मौजूद थे। शिवसेना के ज्ञापन पर नगरपालिका अधिकारी श्रीभोई ने अतिशीघ्र पेयजल संबंधित व्यवस्था को दुरुस्त करवाने का आश्वासन दिया।

# हुक्का और ई-सिगरेट का व्यापार करने वाले दो कारोबारी गिरफ्तार

**भिलाई।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के बीच मोहन नगर पुलिस ने हुक्का और इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट के अवैध कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की है। मालवीय नगर इलाके में दबिश देकर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मौके से भारी मात्रा में प्रतिबंधित सामग्री जब्त की गई है। पुलिस के मुताबिक 22 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जैन मंदिर के सामने स्थित एक दुकान में अवैध रूप से हुक्का फ्लेवर और इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट का भंडारण और बिक्री की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर छापामार कार्रवाई की। तलाशी के दौरान दुकान से 55 पैकेट हुक्का फ्लेवर, 40 इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट, हुक्का नोजल और कोयला सहित अन्य सामग्री बरामद हुई। इसके अलावा 600 रुपए नगद भी जब्त किए गए। जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 1 लाख 2 हजार 100 रुपरु आंकी गई है।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## पीएम मोदी पर अपमानजनक टिप्पणी को लेकर कुसुम शर्मा ने जताई आपत्ति

**डौडीलोहारा।** भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिनके



नेतृत्व में कश्मीर से आतंकवाद ख़त्म होने के कगार पर है, साथ ही देश नक्सलवाद समाप्त हुआ है। जिन्होंने कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर उसे देश का अभिन्न अंग बनाया और शांति एवं विकास का नया दौर शुरू हुआ ऐसे प्रधानमंत्री के लिए अपमान जनक शब्दों का प्रयोग करना देश की गरिमा पर सीधे आघात है। कुसुम शर्मा मंडल अध्यक्ष ने कहा की परिवारवाद घमंड और तुष्टिकरण की सोच से ग्रस्त खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी को आतंकवादी कहकर 140 करोड़ देशवासियों के साथ देश के सर्वोच्च पद की गरिमा को भी ठेस पहुंचाई। कुसुम शर्मा मंडल अध्यक्ष ने कहा कि ये आलोचना नहीं बल्कि ऐसी भाषा है जो सीधे सीधे राजनीतिक दिवालियापन को दर्शाती है। जहाँ मुद्दों की जगह व्यक्तिगत आक्षेप और अमर्यादित भाषा ने ले ली है ।लोकतंत्र में ऐसी मानसिकता न केवल अस्वीकार्य है, बल्कि जन भावनाओं का अपमान भी है बल्कि उन करोड़ों देशवासियों के विश्वास और जनादेश का भी अनादर करते है । उन्हें देश की जनता से माफ़ी माँगनी चाहिए।

## पत्रकार कल्याण महासंघ की बैठक 30 को

**लाटाबोड़।** पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ जिला ईकाइ बालोद का चतुर्थ स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया है, जिसमें सभी पदाधिकारियों का उपस्थिति अनिवार्य है। जिलाध्यक्ष दीपक देवांगन ने बताया कार्यक्रम 30 अप्रैल गुरूवार को प्रातः 11 बजे से स्व. श्री लखीराम अग्रवाल आडिटोरियम खरसिया जिला रायगढ़ (छ.ग.) में संपन्न होगी।

## भीषण गर्मी में मानवता की मिसाल बने समाजसेवी नमो लोढ़ा



**डौंडीलोहारा।** एक ओर भीषण गर्मी ने जनजीवन को प्रभावित कर रखा है, वहीं दूसरी ओर युवा समाजसेवी नमो लोढ़ा लगातार सेवा कार्यों में जुटे हुए हैं। तपती धूप और तेज गर्म हवाओं के बीच वे अलग-अलग स्थानों पर जाकर जरूरतमंदों की सहायता कर रहे हैं। नमो लोढ़ा द्वारा राहगीरों, गरीब बच्चों को एवं परिवारों को जरूरतमंद लोगों को ठंडा पानी, शरबत एवं अन्य राहत सामग्री वितरित की जा रही है। उनके इस प्रयास से लोगों को भीषण गर्मी में काफी राहत मिल रही है और उनके चेहरे पर मुस्कान लौट रही है। स्थानीय लोगों ने नमो लोढ़ा के इस सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में इस तरह का निःस्वार्थ कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक है। उनका यह समर्पण न केवल मानवता की मिसाल है, बल्कि युवाओं के लिए भी एक सकारात्मक संदेश है कि वे आगे बढ़कर समाजसेवा में अपनी भागीदारी निभाएं। नमो लोढ़ा का कहना है कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और जरूरतमंदों की मदद करना ही उनका उद्देश्य है। वे आगे भी इसी तरह समाज के बीच रहकर सेवा कार्य करते रहेंगे।

**सम्मेलन**

**श्रमिक सम्मेलन में खुशी की लहर, 6263 श्रमिकों के खाते में पहुंचे करीब 3 करोड़ रुपये**

# शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक, श्रमिकों के साथ खड़ी है सरकार: भोजराज नाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





जिला प्रशासन बालोद और श्रम विभाग के संयुक्त प्रयासों से जिले के हजारों श्रमिकों में खुशियों का संचार हुआ। जिला मुख्यालय बालोद में आयोजित श्रमिक सम्मेलन में जिले के विकास की रीढ़ माने जाने वाले हजारों श्रमिकों को करोड़ों रुपये की सौगात दी गई। श्रमिक सम्मलेन में जिले भर से पहुँचे पंजीकृत श्रमिकों को श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में सांसद भोजराज नाग, श्रम कल्याण मंडल रायपुर के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा, गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, नगर पालिका बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। श्रमिक सम्मेलन में श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 6263 श्रमिकों के बैंक खाते में 02 करोड़ 96 लाख 15 हजार 740 रूपए डीबीटी के माध्यम से अंतरित किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना से 5513 श्रमिक, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा प्रोत्साहन योजना से 53 श्रमिक, मिनीमाता महतारी जतन योजना से 431 श्रमिक, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना से 30 श्रमिक और मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना से 236 श्रमिकों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा उक्त योजना से लाभान्वित हितग्राहियों को डेमो चेक प्रदान कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी गई। सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद भोजराज नाग ने कहा कि शासन श्रमिकों के पसीने की कीमत समझती है। हमारा लक्ष्य है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचे। शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक, हर मोड़ पर सरकार आपके साथ खड़ी है। उन्होंने शासन द्वारा श्रमिकों में हित में लिए गए निर्णयों की भी विस्तृत जानकारी दी तथा सभी श्रमिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया।

### पंजीयन के लिए किया आग्रह

श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि अब श्रमिकों के बच्चे भी मेधावी शिक्षा प्रोत्साहन पाकर ऊँचे सपनों को साकार कर रहे हैं। उन्होंने सभी अपंजीकृत श्रमिकों से जल्द से जल्द पंजीयन कराने का आह्वान किया ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। कार्यक्रम को विधायक कुंवर सिंह निषाद ने भी संबोधित किया और सभी श्रमिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा ने आभार प्रदर्शन किया तथा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

# एक मई से शुरू होगा मकान सूचीकरण कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

■ जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण

जनगणना 2027 के प्रथम चरण के लिए नगर पंचायत पलारी के लिए 2 फील्ड ट्रेनर, 9 प्रगणक एवं 3 पर्यवेक्षक की नियुक्ति किया गया है । जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानो की गणना से संबंधित कार्य हेतु जनगणना कार्य निदेशालय द्वारा तैयारी के संबंध में जारी कैलेण्डर अनुसार कार्यवाही करते हुए नगर पंचायत पलारी में 22, 23 एवं 24 अप्रैल को तीन दिवसीय प्रशिक्षण नियुक्त प्रगणको एवं पर्यवेक्षको को फील्ड ट्रेनर एलके सिन्हा एवं दुर्गेश कुमार यादव द्वारा उक्त कार्य के विभिन्न गतिविधियो, कार्यकलापो को निर्धारित समय सीमा 1 मई से 30 मई तक की अवधि में पूर्ण करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया तत्प”चात चार्ज अधिकारी के मार्ग निर्देशन पर फील्ड ट्रेनर के माध्यम से समस्त प्रगणको एवं पर्यवेक्षको को फील्ड अभ्यास कराया गया।

इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं चार्ज अधिकारी नगर पंचायत पलारी गिरीश कुमार साहू द्वारा प्रशिक्षण के अंतिम दिवस में सभी प्रगणको एवं पर्यवेक्षको को सेवाभाव, प्रतिज्ञा, विचार, विमर्श के साथ बिदाई के साथ प्रशिक्षण पूर्ण करते हुए समाप्त किया गया।

# मई के पहले सप्ताह से शुरू होगा तेंदूपत्ता संग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिले में वर्ष 2026 के लिए तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य मई माह के प्रथम सप्ताह से शुरू होने जा रहा है। जिसके लिए जिला यूनियन वनमंडल बालोद द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। वनमण्डलाधिकारी एवं जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित बालोद के प्रबंध संचालक अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि जिले के लगभग 25 हजार संग्राहकों के द्वारा तेंदुपत्ता संग्रहण का कार्य किया जाना है।

जिन्हें 5,500 रुपये प्रति मानक बोरा की दर से ऑनलाइन भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 के लिए तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य मई माह के प्रथम सप्ताह से शुरू होगा। जिसके लिए 252 फड़ खोले जाएंगे। कलेक्टर द्वारा अन्य विभागों से 151 फड़ एवं वनमंडलाधिकारी द्वारा 101 विभागीय और अभिरक्षकों की नियुक्ति की जा चुकी है। इसके अलावा निगरानी के लिए जोनल अधिकारी और पोषक अधिकारियों की नियुक्तियां भी पूर्ण हो चुकी हैं।

प्रबंध संचालक ने बताया कि संग्रहण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए 'शाखकर्तन कार्यशाला' का आयोजन पूर्व में किया जा चुका है। फड़मुंशियों का अनुमोदन भी हो गया है। जब तक अच्छी गुणवत्ता के पत्ते प्राप्त होंगे, तब तक संग्रहण केंद्र खुले रहेंगे ताकि संग्राहकों को अधिकतम लाभ मिल सके। संग्रहण और भुगतान प्रक्रिया को पारदर्शऍ बनाने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके अलावा 21 अप्रैल 2026 को जिला पंचायत की वन स्थायी समिति के सदस्यों के साथ विस्तृत चर्चा की गई है। समिति के सदस्य स्वयं फड़ों का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने बताया कि संग्रहण कार्य को अंतिम रूप देने के लिए इसी सप्ताह क्रेता, प्रबंधक और पोषक अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी। जिले में तेन्दूपत्ता संग्रहण के लिए पूरी व्यवस्था चाक–चौबंद है। संग्राहकों को सही समय पर उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिले और संग्रहण प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शऍ संपन्न कराना हमारा लक्ष्य है।

## शैलदेवी कॉलेज में नाभिकीय रसायन पर विशेष अतिथि व्याख्यान

**अंडा।** शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में विज्ञान विभाग द्वारा नाभिकीय रसायन विषय पर एकदिवसीय विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग की सहायक प्राध्यापक डॉ. अल्का बंछोर रहीं। डॉ. अल्का बंछोर ने नाभिकीय रसायन के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं को सरल भाषा में समझाते हुए बताया कि यह विज्ञान परमाणु के नाभिक से संबंधित गुणों, परिवर्तनों और अभिक्रियाओं का अध्ययन करता है। उन्होंने न्यूक्लियर मॉडल, मैजिक नंबर एवं डबल मैजिक नंबर, रेडियोएक्टिव आइसोटोप, अल्फा, बीटा और गामा कणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही नाभिकीय विखंडन, नाभिकीय संलयन तथा श्रृंखला अभिक्रिया की प्रक्रिया को भी विद्यार्थियों के समक्ष स्पष्ट किया। डॉ. बंछोर ने नाभिकीय रसायन के कृषि एवं औद्योगिक क्षेत्र में उपयोग, नाभिकीय ताप संयंत्रों में इसकी भूमिका तथा ऊर्जा उत्पादन में इसके महत्व पर भी प्रकाश डाला। उनका व्याख्यान विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक रहा, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केएन मिश्रा के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्राचार्य ने इस रोचक एवं उपयोगी व्याख्यान के सफल आयोजन हेतु विज्ञान विभाग के समस्त शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# जनगणना में ओबीसी कॉलम नहीं होने पर उग्र प्रदर्शन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

■ दल्ली राजहरा में 26 अप्रैल को रेल रोको आंदोलन


अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित जनगणना 2027 की प्रश्नावली में पृथक कॉलम नहीं होने के विरोध में समाज के लोगों ने नाराजगी जताते हुए उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस संबंध में ओबीसी प्रदेश सचिव पुनेश्वर देवांगन में जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि वर्ष 2021 से लगातार भारत सरकार के नाम ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं, इसके बावजूद आगामी जनगणना 2027 के राजपत्र में ओबीसी वर्ग के लिए अलग कॉलम का प्रावधान नहीं किया गया है।

भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा 22 जनवरी 2026 को जारी अधिसूचना के तहत जनगणना 2027 के लिए प्रश्नावली निर्धारित की गई है। इस प्रश्नावली में परिवार के सदस्यों से संबंधित विभिन्न जानकारियां एकत्र करने के लिए प्रश्न शामिल किए गए हैं। हालांकि, इसमें अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति वर्ग का उल्लेख तो किया गया है, लेकिन अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए पृथक कॉलम का समुचित प्रावधान नहीं किया गया है। समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि ओबीसी वर्ग की वास्तविक जनसंख्या का सही आंकलन होना बेहद आवश्यक है, ताकि इस वर्ग के लिए भविष्य की योजनाओं एवं नीतियों का प्रभावी निर्माण किया जा सके।

इसके अभाव में नीति निर्माण में असंतुलन की स्थिति बन सकती है। इसी मुद्दे को लेकर समाज के लोगों ने सरकार से पुनर्विचार करने और जनगणना प्रश्नावली में ओबीसी वर्ग के लिए पृथक कॉलम जोड़ने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने की स्थिति में 26 अप्रैल रविवार को दोपहर 2:30 बजे दल्ली राजहरा में सांकेतिक “रेल रोको आंदोलन” करने की चेतावनी दी गई है। आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन पर होने की बात भी कही गई है। जिसकी लिखित जानकारी सभी संबंधित उच्चाधिकारियों को दे दी गई है।समाज के पदाधिकारियों ने विषय की गंभीरता को देखते हुए शीघ्र निर्णय लेने की अपील की है।

# पेंडरवानी पंचायत में पानी बचाओ अभियान का आगाज




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

गुरूर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत पेंडरवानी में नीर चेतना अभियान 2026 अंतर्गत जल बचाओ, जीवन बचाओ अभियान चलाया गया।

इसके माध्यम से ग्रामीण, शहरी क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने के लिए मानव श्रृंखला बनाकर जल संरक्षण की महत्ता बताई गई। जल बचाओ, जीवन बचाओ अभियान शुरुआत की गई। जिसमे कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा जिला बालोद के निर्देशानुसार मानव श्रृंखला बनाकर जल सरंक्षण की जानकारी ग्रमीणों और जनप्रतिनिधि को दी गई। जिसने भारत माता नक्शा और जेएसजेबी 2.0 की मानव श्रृंखला तैयार किया गया, जिसमें 475 लोग सम्मिलित हुए, सभी ने मिलकर जेएसजेबी 2.0 मानव श्रृंखला से लिख कर जल बचाओ, जीवन बचाओ का संदेश दिया एवं लोगों को जागरूक किया साथ ही सभी घर में सोकपीटस और रैन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और अधिकारी, ग्रामीण और जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारी कर्मचारी जनपद सीईओ उमेश रात्रे, अति.सीईओ आरएल. सिरमौर, अति. सीईओ एनके.बागडे, अधिकारी योगेश देवांगन, सरपंच संबंधित तकनीकी सहायक और सचिव, ग्राम रोजगार सहायक आदि उपस्थित थे।

## विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**बालोद।** जिले में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत विभिन्न संकायों में प्रशिक्षण के लिए इच्छुक हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित की गई है। जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज के सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि लाईवलीहुड कॉलेज बालोद में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत जिले के इच्छुक हितग्राहियों के लिए फोर व्हीलर सर्विस असिस्टेंट, सोलर पीवी इंस्टालर (सूर्यमित्र) एवं सिक्यूरिटी गार्ड संकाय अंतर्गत प्रशिक्षण का आयोजन लाईवलीहुड कॉलेज पाकुरभाट में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इच्छुक हितग्राही जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज (शास.आई.टी.आई. छात्रवास भवन) बालोद में कार्यालयीन समय में समस्त शैक्षणिक योग्यता, आधार कार्ड, जाति, निवासी प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं 02 पासपोर्ट साइज फोटो के साथ उपस्थित होकर आवेदन कर सकते है। इसके साथ ही प्रशिक्षण के संबंध में अधिक जानकारी मोबाईल नंबर 9098427492 पर भी सम्पर्क कर सकते है।

# माता कर्मा की 1010वीं जयंती पर आज निकलेगी कलश यात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

तहसील साहू संघ द्वारा माता कर्मा की 1010वीं जयंती के अवसर पर दो दिवसीय भव्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

माता कर्मा की 1010 वी जयंती के अवसर पर शनिवार को 1010 कलश सिर पर धारण कर माताएं बहने भव्य कलश यात्रा निकालेंगी। दो दिवसीय भव्य कर्मा जयंती समारोह में 15 जोड़े वर वधु सामूहिक परिणय मण्डप में फेरे लेंगे। नव दाम्पत्य को आशीर्वाद प्रदान करने सीएम, पूर्व सीएम, उप मुख्यमंत्री, पूर्व गृह मंत्री, पूर्व मंत्री, विधायक, पूर्व विधायक सहित सामाजिक कद्दावर हस्तियों का आगमन होगा। उन्होंने बताया कि समारोह को सफल बनाने 99 ग्राम के साहू समाज का सराहनीय सहयोग प्राप्त हो रहा है और 99 ग्राम के साहू समाज की उपस्थिति में भव्य आयोजन निश्चित तौर पर इतिहास लिखेगा।सामाजिक एकता का संगठनात्मक संदेश देगा। जो भावी पीढ़ी के लिए विरासत होगी। तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन 25 एवं 26 अप्रैल 2026 शनिवार एवं रविवार को आयोजित होगा।

25 अप्रैल शनिवार को दोपहर 02 बजे 1010 सामाजिक महिलाओं के द्वारा भव्य कलश यात्रा का शुभांरभ होगा, शाम 04 बजे आरती, अतिथि स्वागत महिला सम्मेलन एवं चुलमाटी कार्यक्रम संपन्न होगा। मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन रमशीला साहू होंगी।

**विदाई समारोह में उमड़े लोग**

# शिक्षक दयालूराम पिकेश्वर का प्राचार्य पद पर प्रमोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



वनांचल क्षेत्र के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मड़ियाकट्टा में शुक्रवार को एक भावुक और गौरवपूर्ण दृश्य देखने को मिला, जब राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर के प्राचार्य पद पर पदोन्नत होने पर पूरे गांव ने उन्हें भव्य विदाई दी।

शाला परिवार, ग्राम पंचायत और ग्रामीणों ने इस अवसर को त्योहार की तरह मनाते हुए अपने प्रिय शिक्षक को सम्मानपूर्वक विदा किया। दयालूराम पिकेश्वर ने 20 सितंबर 2011 से 28 नवंबर 2025 तक प्रधान पाठक के रूप में सेवाएं दीं। करीब 14 वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, अनुशासन स्थापित करने और नवाचारों के जरिए विद्यालय को नई पहचान दिलाई। उनके नेतृत्व में स्कूल ने शैक्षणिक और सामाजिक दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं।

**शिक्षक ही नहीं, समाज सुधारक भी:** दयालूराम पिकेश्वर ने शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन और सामाजिक जागरूकता विकसित करने पर विशेष जोर दिया। उनके प्रयासों से विद्यालय वनांचल क्षेत्र में एक आदर्श संस्था के रूप में स्थापित हुआ और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव पड़ी। पदोन्नति के उपलक्ष्य में उन्होंने पूरे गांव के लिए न्यौता भोज का आयोजन किया, जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन उनके मिलनसार और समाज से जुड़े व्यक्तित्व का प्रतीक बना।

### धूमधाम से हुआ सम्मान समारोह

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई। समारोह की अध्यक्षता सरपंच आनंद राम रावटे ने की। इस दौरान बसंती पिकेश्वर, मधुबाला, उपसरपंच भगवानी राम सिन्हा, ग्राम प्रमुख संतराम सहारे, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष फत्तेसिंह ठाकुर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह में शाल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह, अभिनंदन पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया। ग्राम पंचायत, महिला समूह, आंगनबाड़ी, मितानिन संघ और पूर्व छात्र-छात्राओं ने भी अपने-अपने ढंग से सम्मान अर्पित किया। इस अवसर पर भूमिका मोवाड़े, दीनदयाल अटल, सुनील कुमार अलेन्द्र, नारदराम, गांधीराम बघेल, नारायण सिंह कोठारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, ग्रामीण, युवा, महिलाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**तुरंत आराम के लिए**
**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
**चार धाम यात्रा**
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411